This question paper contains **3** printed pages]

YQ—266—2024

FACULTY OF ARTS

M.A. (Second Year) (Fourth Semester) EXAMINATION

NOVEMBER/DECEMBER, 2024

(CBCS/New)

HINDI

Paper XV

(हिंदी गद्य साहित्य : भाग-2)

(Tuesday, 17-12-2024) **Time : 2.00 p.m. to 5.00 p.m.**

Time—3 *Hours* *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 10

(अ) "मैं तो केवल रंगमंच पर ही अभिनय करती हूँ, पर तुम्हारा तो सारा जीवन ही अभिनय है। बड़े ऊँचे कलाकार और सधे हुए अभिनेता हो तुम तो मेरे दोस्त!"

अथवा

"दादा, यदि मेरी रचनाओं के लिए इतनी मारामारा न करते, गुरु के भांति तकाजे पर तकाजे न करते तो मेरे जैसे आलसी की आधी तो क्या चौथाई रचनाएँ भी प्रकाशित न हो पातीं।"

P.T.O.

X114Y054751X114Y054751X114Y054751X114Y054751

(आ) ''विंध्य के इतिहास पर एक विहंगम दृष्टि डालते समय स्पष्ट हो जाता है कि जिन-जिन लोगों की प्रभुता यहाँ कुछ सृष्टि करके गयी है, वे स्वयं आरंभ में प्रभुताहीन थे और उनको प्रभुता भी इसी धरती से मिली थी।'' 10

अथवा

''मैं अपनी जिंदगी को, अपने इस रूप को चर्च की दीवारों के बीच नष्ट नहीं होने दूँगी। मैं जिंदा रहना चाहती हूँ, आदमी की तरह जिंदा रहना चाहती हूँ। मैं इस चर्च में घुट-घुटकर नहीं मरूँगी। मैं भाग जाऊँगी, मैं भाग जाऊँगी........।''

2. विद्यानिवास मिश्र के निबंधों में व्यक्त विचारों की समीक्षा कीजिए। 20

अथवा

'मैं हार गई' कहानी संग्रह की विशेषताओं को विशद कीजिए।

3. टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) 'जीती बाजी की हार' कहानी की मूल संवेदना। 10

अथवा

'मुकुट, मेखला और नूपुर' में व्यक्त प्रतीकात्मकता।

(आ) शरत और उनके पिता की स्वभावगत साम्यता। 10

अथवा

'कील और कसक' कहानी की समीक्षा।

X114Y054751X114Y054751X114Y054751X114Y054751

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : 5

(*i*) रविंद्रनाथ त्यागी के हास्य-व्यंग्य शैली का विवेचन कीजिए।

(*ii*) प्रभाकर माचवे का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(*iii*) राहुल सांकृत्यायन का जीवन-परिचय दीजिए।

(*iv*) ग.मा. मुक्तिबोध का हिंदी साहित्य में स्थान निर्धारित कीजिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) अज्ञेयजी ने तारसप्तक में किस कवि को प्रथम स्थान दिया है ?

(*ii*) रविंद्रनाथ त्यागी का जन्म कब हुआ ?

(*iii*) मनोवैज्ञानिक कथाकार के रूप में कौनसे लेखक जाने जाते हैं ?

(*iv*) राहुल सांकृत्यायन की पत्नी का नाम क्या है ?

(*v*) 'वसंत के पतझर तक' किसकी रचना है ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) 'सिंह सेनापति' के रचनाकार.................हैं।

(*ii*) 'ब्रम्हराक्षस'.................की लंबी कविता है।

(*iii*) जैनेंद्रकुमार के बचपन का नाम.................था।

(*iv*) 'खरगोश के सींग'.................रचना है।

(*v*) 'व्यंग्यश्री पुरस्कार' से प्राप्त लेखक.................हैं।

X114Y054751X114Y054751X114Y054751X114Y054751